

हरिभूमि

मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 12 अक्टूबर 2026



[बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला]

मनोकामना ज्योतियों से जगमग हुए देवालय

पलारी। पलारी नगर सहित समूचे अंचल में रविवार से क्वार नवरात्र प्रारंभ हो गया है प्रत्येक गांव में पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ आदि शक्ति माता दुर्गा की पूजा अर्चना कर स्थापना की गई पहले दिन शैल पुत्री की आराधना की गई। वहीं आने वाले 9 दिनों तक माता के 9 स्वरूपों का विधिविधान से उपासना होंगी। वहीं माता के भक्त समूह बनाकर मांदर और झांझ मजीरा लेकर प्रत्येक पंडालों माता की सेवा में जसगीत करने निकल पड़े हैं। इसी के साथ शुभ मुहूर्त में मनोकामना ज्योति भी प्रचलित हुई जिससे देवालय जगमग हो उठा है।

जिले में शारदीय नवरात्रि की शुरुआत, रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा नगर

देवी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, मावली व महामाया मंदिर में प्रज्ज्वलित हुईं ज्योतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही देवी दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो दिनभर जारी रहा। नगर के प्रमुख देवी मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के समक्ष शीश नवाया और परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं मंगलमय जीवन की कामना की। नवरात्रि के आगमन के साथ ही पूरे नगर में भक्तिमय माहौल बन गया है। जिला मुख्यालय के पुरानी बस्ती स्थित मां मावली माता मंदिर, नया बस स्टैंड स्थित महामाया मंदिर, षष्ठी देवी मंदिर, गायत्री मंदिर और मां काली मंदिर सहित विभिन्न देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। मंदिरों में नवरात्रि के अवसर पर ज्योति प्रज्वलित की गई। श्रद्धालु पूजा की थाली लेकर मंदिर पहुंचे और माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसरों में धार्मिक गतिविधियों के चलते दिनभर उत्साह का माहौल बना रहा।





बाजारों में बढ़ी ग्राहकों की चहल-पहल

त्योहारी सीजन का असर अब स्थानीय बाजारों में भी दिखाई देने लगा है। पूजा सामग्री, फूल-माला, नारियल, चुनरी और अन्य पूजन सामग्री की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी है। नवरात्रि के साथ आगामी त्योहारों को देखते हुए व्यापारियों को बेहतर कारोबार की उम्मीद है। नवरात्रि के प्रथम दिन धार्मिक आस्था, उत्साह और बाजारों की बढ़ती चहल-पहल ने नगर के वातावरण को पूरी तरह उत्सवमय बना दिया है।

सजावट से जगमगाया नगर

नवरात्रि पर्व को लेकर नगर के प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों और देवी पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रंग-बिरंगी बिजली की झालरों, झूमरों और रोशनी की सजावट से नगर की रौनक बढ़ गई है। देवी पंडालों में भी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और उल्लास देखने को मिल रहा है।



गोपालपुर में स्थापित हुई मां दुर्गा की प्रतिमा

गोपालपुर। गोपालपुर के युवा संगठन-ग्रामीणों ने राम लीला मंडली चौक से शोभा यात्रा निकालकर तांबा तालाब से जल भरकर मंडली पहुंचकर मां दुर्गा के स्थापना विधि विधान से किया गया।ग्रामीणों के महिलाओं ने शोभायात्रा में बढ़ - चढ़कर कर हिस्सा लिया और गांव के लोग भक्ति मय में डूबे हुए हैं।

नवरात्रि विशेष



द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-

दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

खबर संक्षेप

त्योहारी सीजन में दूध हुआ महंगा 55 से 60 रुपए किलो बिक रहा

भाटापारा। त्योहारी सीजन की शुरुआत के साथ ही भाटापारा शहर में दूध के दामों में उछाल आ गया है। डेयरी और गौशालाओं में दूध की कीमत बढ़कर 55 से 60 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है, जो स्थान और गुणवत्ता के हिसाब से तय हो रही है। दूध के दाम बढ़ने का मुख्य कारण पशुओं को खिलाए जाने वाले चारे और आहार की कीमतों में हुई भारी बढ़ोतरी है। दूध डेयरी के संचालकों ने बताया कि इस समय सरसो की खल्ली अलसी की खल्ली जो कि 45 रूपये से बढ़कर 70 रुपए किलो हो चुकी है। वहीं 10 रूपये किलो मिलने वाला कोढ़ा 20 रू किलो हो चुका है। वहीं पैरा कट्टी 8 रुपए किलो व हरा चारा 15 रुपए किलो बिक रहा है। वहीं एक अनुमान के अनुसार पनीर 400 रुपए किलो और खोवा 400 रुपए किलो बिक रहा है। वहीं एक किलो पनीर बनाने के लिए 7 से 8 लीटर दूध की आवश्यकता होती है। वहीं खोवा बनाने के लिए 6 से 7 लीटर दूध लगता है। वहीं बाजार में इन दिनों जितनी इच्छा हो उतने पनीर का आर्डर दो मिल जाता है। इसकी शुद्धता का कहीं कोई मापदंड नहीं है।

64 विद्यार्थियों व स्टाफ ने कराई आंखों की जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

शासकीय महाविद्यालय लवन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। प्रभारी प्राचार्य यशवंत राज महिलाने के मार्गदर्शन में हुए शिविर में नेत्र सहायक अधिकारी वेगेश्वर यदु ने विद्यार्थियों और उपस्थितजनों की आंखों की जांच की।

- लवन कालेज में एनएसएस के तत्वावधान में नेत्र जांच शिविर आयोजित

शिविर का उद्देश्य नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आँखों से संबंधित समस्याओं की समय पर पहचान करना था। शिविर के माध्यम से 64 छात्र- छात्राओं और महाविद्यालयीन स्टॉफ का नेत्र परीक्षण किया गया। प्रभारी प्राचार्य यशवंत राज महिलाने ने कहा कि अध्ययन, दैनिक कार्यों, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में दृष्टि की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए विद्यार्थियों के लिए ऐसे स्वास्थ्य कार्यक्रम उपयोगी हैं। इस अवसर पर दृष्टि संबंधी कठिनाइयों को नजरअंदाज न करने तथा आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञ से परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया गया। नेत्र सहायक अधिकारी वेगेश्वर यदु ने शिविर में नेत्र परीक्षण कर प्रतिभागियों को आंखों की नियमित जांच, उचित देखभाल और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों की जानकारी दी। शिविर से विद्यार्थियों में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के प्रति जागरूकता विकसित हुई।

खम्हरिया की बालक - बालिका वॉलीबॉल टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

आन्जनेय यूनिवर्सिटी, नरदहा, रायपुर में आयोजित 'सृजन 5.0 स्कूल टैलेंट हंट 2026' प्रतियोगिता में खम्हरिया की बालक एवं बालिका वॉलीबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। दोनों टीमों की इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। प्रतियोगिता में

- शानदार खेल कौशल का किया प्रदर्शन

खम्हरिया के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन, टीम भावना एवं बेहतर तालमेल का परिचय देते हुए जीत हासिल की। खिलाड़ियों की इस सफलता में कोच राजेंद्र कटारिया का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा। उनके प्रशिक्षण और प्रेरणा से खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। बालक एवं बालिका दोनों टीमों की इस उपलब्धि ने यह साबित किया कि उचित मार्गदर्शन, निरंतर अभ्यास और दृढ़ संकल्प के बल पर सफलता प्राप्त की जा सकती है। खम्हरिया की दोनों टीमों की जीत से खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों एवं खेलप्रेमियों में खुशी की लहर है। इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों एवं कोच राजेंद्र कटारिया को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। साथ ही उम्मीद जताई गई कि खम्हरिया के खिलाड़ी भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।





118वां रामनामी बड़े भजन मेला सीएम साय को दिया आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक ऐतिहासिक 118वां छत्तीसगढ़ रामनामी राम-राम बड़े भजन मेला एवं संत समागम 2027 का आयोजन इस वर्ष भी भव्यता के साथ होने जा रहा है। पांच दिवसीय इस विराट आयोजन की तिथि 17 से 21 जनवरी 2027 निर्धारित की गई है। मेले का आयोजन ग्राम झूमरपाली, नगर पंचायत भटगांव, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में किया जाएगा, जहां हजारों रामनामी संत और श्रद्धालु जुटेंगे। इस ऐतिहासिक आयोजन की तैयारियों को लेकर रामनामी समाज के पारम्परिक कर्मा नर्तक दल एवं समस्त ग्रामवासी झूमरपाली के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से सौजन्य भेंट कर उन्हें सादर आमंत्रित किया।

पारम्परिक वेशभूषा में पहुंचा प्रतिनिधि मंडल, मुख्यमंत्री को दिया न्यौता

वहीं मुख्यमंत्री निवास में आयोजित सौजन्य भेंट के दौरान का दृश्य अत्यंत मनमोहक रहा। प्रतिनिधिमंडल में शामिल रामनामी समाज के बुजुर्ग कलाकार अपनी पारम्परिक पहचान, शरीर पर राम-राम के गोदने, सिर पर मोर पंख का मुकुट और घुंघरुओं के साथ पहुंचे थे। उनके साथ नगर पंचायत भटगांव के अध्यक्ष विक्रम कुर्रे एवं समस्त पार्षदगण भी उपस्थित थे। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को माला पहनाकर और श्रीफल भेंट कर 118वें बड़े भजन मेला में पधारने के लिए आत्मीय आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने भी बड़े ही आत्मीयता के साथ प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात की, उनकी परम्परा को नमन किया और मेले के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनामी समाज छत्तीसगढ़ की आत्मा है और इस मेले को सरकार पूरा सहयोग देगी।

खबर संक्षेप

बिजली सुधार कर रहे कर्मचारियों से मारपीट

महासमुंद। बलौदा के शांति नगर में बिजली सुधार करने पहुंचे कर्मचारियों से मारपीट किए जाने के मामले में बलौदा थाने में आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। मामले को लेकर थाना बलौदा में दिए गए आवेदन में कनिष्ठ यंत्री मनोज कुमार ने पुलिस को बताया कि शांति नगर बलौदा में निम्न दाब लाइन की शिकायत मिलने पर 09 अक्टूबर की रात्रि लगभग 08.30 बजे ठेकाकर्मी विभीषण डडसेना, खीरसागर सिदार एवं अंबिकेश कैवर्त (संविदा कर्मी) टासफार्मर के पास सर्किट मरम्मत कार्य कर रहे थे, तभी अचानक सरोज सेठ, देवेश भोई एवं राजेश भोई के द्वारा आकर बार-बार हो रही लाइन कटौती का हवाला देकर तीनों को गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे थे। इस दौरान विभीषण डडसेना व अंबिकेश कैवर्त के साथ मारपीट की गई।

दशहरा के बाद शुरू हो सकती है धान की कटाई

अनुकूल बारिश से लहलहाई धान की फसल



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

खरोरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इस वर्ष समय-समय पर हुई अच्छी बारिश से खेतों में धान की फसल लहलहा रही है। खेतों में हरियाली और धान की पकती बालियों को देखकर किसानों के चेहरों पर खुशी नजर आने लगी है।

सिंचाई के पर्याप्त साधनों के अभाव के बावजूद अनुकूल बारिश ने किसानों को अच्छी पैदावार की उम्मीद जगाई है।इस वर्ष खाद-बीज की समस्या और अन्य चुनौतियों के बीच किसानों को खेती-किसानी का कार्य पूरा करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसके बावजूद किसानों ने कड़ी मेहनत और लगन से फसलों की देखभाल की। धान की बोवाई से लेकर अब तक जब-जब फसल को पानी की आवश्यकता पड़ी, तब-तब समय पर हुई बारिश ने किसानों का साथ दिया। पर्याप्त वर्षा के चलते इस बार धान की फसल अच्छी स्थिति में दिखाई दे रही है। केसला के किसान श्यामलाल शर्मा ने बताया कि यदि मौसम इसी तरह अनुकूल बना रहा, तो दशहरा पर्व के बाद कई खेतों में धान की कटाई शुरू होने की उम्मीद है। अच्छी फसल को देखकर किसानों में उत्साह है और उन्हें बेहतर उत्पादन की आस बंधी है। ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों खेतों की हरियाली और पकती धान की बालियां किसानों की मेहनत की सफलता बयां कर रही हैं। अब किसानों को फसल की सुरक्षित कटाई और अच्छी पैदावार का इंतजार है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत बिनौरी में चला स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम पंचायत बिनौरी के रामायण चौक के पास बोरिंग की आसपास नाली की साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में युवा मोर्चा मंडल पलारी के पूर्व अध्यक्ष एवं सरपंच प्रतिनिधि सनकुमार साहू ने साफ सफाई रखना हम सभी का दायित्व है। समस्त ग्रामवासी को सार्वजनिक स्थान पर साफ- सफाई रखने की अपील की है। इस अवसर पर प्रताप साहू, हरिचंद साहू, गेदू राम साहू उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

मंदर माई मंदिर में ज्योति कलश पंजीयन 14 तक

धमतरी। शहर के बांसपारा स्थित प्राचीन मंदर माई मंदिर में क्वांर नवरात्रि पर ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। मंदिर के पुजारी राजकुमार ध्रुव ने बताया कि तेल ज्योति कलश के लिए 901 रुपए और घी ज्योति कलश के लिए 1201 रुपए शुल्क निर्धारित है। इच्छुक भक्त 14 अक्टूबर तक रात 8 बजे तक पंजीयन करा सकते हैं। 15 अक्टूबर को पंचमी तिथि पर शाम के समय मंदिर में ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे।

खमनापारा में कबड्डी स्पर्धा 12 को

नगरी। शारदीय नवरात्रि पर ग्राम खमनापारा (मुकुंदपुर) में सेवन स्टार क्रीड़ा समिति द्वारा 12 अक्टूबर को एक दिवसीय पंचायत स्तरीय डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रवेश शुल्क 251 रुपये निर्धारित है। प्रथम पुरस्कार 8,026 रुपये एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 5,026 रुपये एवं ट्रॉफी, तृतीय पुरस्कार 3,026 रुपये एवं ट्रॉफी तथा चतुर्थ पुरस्कार 2,026 रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

अटंग में कबड्डी प्रतियोगिता 24 से

सिर्री। ग्राम अटंग में जय बजरंग क्रीड़ा मंडल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 24 और 25 अक्टूबर को राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। प्रवेश शुल्क 301 रुपए है। प्रथम पुरस्कार 10,001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 5001 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 3001 रुपए रखा गया है। यह जानकारी अध्यक्ष नेहरू साहू, तेजेन्द्र साहू, रोशन चंद्राकर, रुद्रनाथ साहू ने दी।

ओडिशा के कत्लखाने ले जा रहे 14 गौवंश बरामद

धमतरी। जंगल के रास्ते मवेशियों को हांककर ओडिशा के कत्लखाने ले जा रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिराफ्तार किया है। उसके कब्जे से 14 मवेशियों को छुड़ाया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद मवेशियों को पंडरीपानी गौशाला भेज दिया गया है। जिले से लगातार गौवंश मवेशियों की तस्करी की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसे लेकर पुलिस अधीक्षक भावना पांडेय ने पुलिस जवानों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। घटना शनिवार की है। बोराई पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मोतिमडीह-लिखमा मार्ग पर एक व्यक्ति मवेशियों को क्रूरतापूर्वक हांकते हुए ओडिशा ले जा रहा है। सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर आरोपी अमरचंद नेताम उम्र 45 साल निवासी आमगांव थाना बोराई को पकड़ा गया। वह मवेशियों के परिवहन एवं खरीदी-बिक्री से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 14 मवेशी बरामद किए गए हैं, जिनमें 11 गाय, 2 बैल एवं 1 बछिया शामिल हैं। जब्त मवेशियों की अनुमानित कीमत 50,000 रूपये आंकी गई है। सभी मवेशियों का पशु चिकित्सा अधिकारी से स्वास्थ्य परीक्षण कराने के पश्चात उनके सुरक्षित रख-रखाव एवं देखभाल के लिए पंडरीपानी की गौशाला को सुपुर्दनामा पर सौंपा गया। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 एवं 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया।







शारदीय नवरात्रि का भव्य आगाज : उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, गूंजे माता के जयकारे

महानदी तट स्थित मां डोंगर देवी मंदिर में प्रज्ज्वलित हुईं 611 मनोकामना ज्योतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधपुरी

नवरात्रि के पहले दिन दर्शन पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत मलपुरी में महानदी के पावन तट पर विराजमान मां डोंगर देवी मंदिर में नवरात्रि के अवसर पर 611 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई हैं। ज्योति प्रज्वलन के साथ ही मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बन गया है। नवरात्रि के पहले दिन से ही माता रानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में शामिल मां डोंगर देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है। नवरात्रि के अवसर पर आसपास के गांवों सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से भी भक्त माता रानी के दर्शन करने पहुंचते हैं। मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कर श्रद्धालु परिवार की सुख समृद्धि, खुशहाली और जीवन में मंगल की कामना करते हैं।

महानदी के तट पर स्थित मां डोंगर देवी मंदिर की धार्मिक महत्ता के चलते नवरात्रि में यहां विशेष उत्साह देखने को मिलता है। मंदिर में ज्योति प्रज्वलित होने के साथ ही श्रद्धालु माता रानी की पूजा अर्चना कर परिवार और क्षेत्र की सुख शांति की प्रार्थना कर रहे हैं। नवरात्रि के पहले दिन मंदिर में भक्तों की मौजूदगी से पूरा परिसर माता रानी के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं में दर्शन और पूजा अर्चना को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। आगामी दिनों में भी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

मंदिरों में गूंजे माता के जयकारे, प्रज्वलित हुईं सैकड़ों मनोकामना ज्योतियां



सुहेला। नगर सहित अंचल के गांवों में सोमवार को क्वांर नवरात्र का शुभारंभ श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। शुभ मुहूर्त में मंदिरों और समितियों में ज्योत प्रज्वलन कर भक्तों ने देवी आराधना की। शीतला महामाया मंदिर में भक्तों ने मनोकामना ज्योति कलश 178 तेल ज्योति और 45 घृत ज्योति प्रज्वलित कीं। गायत्री मंदिर परिसर में 46, बर्फानी धाम हनुमान मंदिर में 165 तथा युवा दुर्गा उत्सव समिति में ज्योतियां प्रज्वलित की गईं। सुबह से ही मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और माता रानी के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर माता की आराधना की। श्रद्धालुओं का कहना है कि नवरात्र में प्रज्वलित ज्योतियां घर-परिवार और समाज में सुख, शांति और समृद्धि का संदेश देती हैं। इस प्रकार नगर सहित अंचल में नवरात्र महोत्सव की शुरुआत धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप हर्षोल्लास के बीच हुई।

चार प्रमुख स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित

खरोरा। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम पंचायत छड़िया में शक्ति की अधिष्ठात्री मां दुर्गा की प्रतिमाएं विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थापित की गई हैं। गांव के आजाद चौक, श्रीराम चौक, बजरंग चौक एवं बैकुंठ पारा में मां जगतजननी के विराजमान होने से संपूर्ण ग्राम का वातावरण भक्तिमय हो उठा है। मां दुर्गा के आगमन से गांव में श्रद्धा, आस्था और धार्मिक उत्साह की अनूठी छटा बिखर रही है।

नवरात्रि के नौ दिनों तक चारों स्थानों पर मां दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना, आरती एवं भक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान जसगीत और सेवा गीतों के माध्यम से मां दुर्गा की महिमा का गुणगान किया जाएगा। भक्तिमय गीतों और मां के जयकारों से गांव का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहेगा। श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ मां जगदंबा की आराधना कर परिवार, गांव एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली, शांति और मंगलमय जीवन की कामना करेंगे।



मां दुर्गा को शक्ति, साहस, करुणा और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक माना जाता है। नवरात्रि का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय तथा नारी शक्ति के सम्मान का संदेश देता है। मां के नौ स्वरूपों की आराधना के साथ श्रद्धालु भक्ति, संयम और सदाचार का संकल्प लेते हैं। गांव में स्थापित दुर्गा प्रतिमाएं श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और धार्मिक परंपराओं के प्रति समर्पण को दर्शा रही हैं। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर ग्राम छड़िया का माहौल मां की भक्ति और जयकारों से गुंजायमान है। श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। मां जगतजननी से सभी की यही प्रार्थना है कि उनकी कृपा समस्त ग्रामवासियों पर बनी रहे और गांव में सुख, शांति, समृद्धि, सद्भाव एवं खुशहाली का वास हो।

पंडालों में विराजीं मां दुर्गा की प्रतिमाएं



खरोरा। खरोरा में शारदीय नवरात्र के शुभारंभ से ठीक पहले शनिवार को शहर में जबरदस्त उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही मां दुर्गा की प्रतिमाएं ले जाने के लिए श्रद्धालुओं का मूर्तिकारों के पंडालों में पहुंचना शुरू हो गया था। सुबह 11 बजे के बाद भीड़ और बढ़ गई, और लोग अपनी सुविधा के अनुसार वाहनों में प्रतिमाएं लेकर रवाना होते रहे। प्रतिमाओं को ले जाने का यह सिलसिला देर शाम तक निरंतर जारी रहा। शहर के मूर्तिकारों ने ऑर्डर के अनुरूप सैकड़ों आकर्षक दुर्गा प्रतिमाएं तैयार की हैं, जिन्हें लेने के लिए खरोरा के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग पहुँचे। कई स्थानों पर लोग आतिशबाजी कर और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच माता की प्रतिमा को अपने गांवों और पंडालों तक ले गए। इस दौरान पूरे शहर में भक्तिमय वातावरण छा गया। बाजारों में भी पूजा सामग्री, सजावट और विद्युत उपकरणों की दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ नजर आई। इस बार नगर के प्रमुख चौक पर आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ लाइट एंड साउंड की विशेष व्यवस्था की गई है, जो उत्सव की भव्यता को और व बढ़ाएगी।

लोक नृत्य प्रतियोगिता में विजेता छात्र सम्मानित

खरोरा। आदर्श महाविद्यालय दतरेंगा में आईक्यूएसी, आईआईसी एवं बीएड विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बीएड इंडक्शन कार्यक्रम, अंतर-विद्यालयीन लोक नृत्य प्रतियोगिता एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अंतर-विद्यालयीन लोक नृत्य प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में शासकीय हाई स्कूल, रवेली, अभनपुर ने प्रथम स्थान तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दतरेंगा, रायपुर ने द्वितीय स्थान



प्राप्त किया। आईआईसी के तत्वावधान में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में कथक के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली दो प्रतिभाशाली बालिकाओं, आन्या यादव एवं रियांशी राजपूत, को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन आईक्यूएसी समन्वयक श्वेता ओझा एवं बीएड प्रभारी शिखा ने किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. दिव्या शर्मा रहीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संचालक विवेक सक्सेना एवं प्राचार्या डॉ. बर्नाली राय की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

जिपं अध्यक्ष नवीन का अंचल में सघन दौरा आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष नवीन कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में 12 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2026 तक तिल्दा विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क एवं जनसमस्या निवारण हेतु विशेष ग्राम भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित कर उनका लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना तथा ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। इस दौरान जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे, ताकि ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका विभागवार निराकरण किया जा सके। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक पहल की जाएगी।



इस कार्यक्रम को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने खरोरा प्रेस क्लब के साथियो के साथ प्रेस वार्ता की जिसमे भाजपा नेता अमन खान, छगन यादव, सरपंच मया वंशे, पत्रकार साथियो मे भरत कुम्भकार, संदीप छाबड़ा, रमेश शर्मा, रोहित वर्मा, चेतन साहू, श्याम अग्रवाल मौजूद रहे।

ग्राम भ्रमण का निर्धारित कार्यक्रम

12 अक्टूबर मांठ, तिल्दाडीह, बिटिया, असौंदा, तुलसी (अ), मुड़पार । 13 अक्टूबर बंगोली, कुर्रा, मूड़ा, धनसुली, रायखेड़ा। 14 अक्टूबर 2026: बरौंदा, अड़सेना, मोहंदी, गनियारी, पिकरीडीह। 15 अक्टूबर 2026: बेलदारसिवनी, बुड़ैनी, मड़हा, बुड़गहन, बेलटुकरी, नवागांव। 16 अक्टूबर चिवरा, फरहदा, इटला, बुडेरा, सिर्री, कनकी, परसदा। 17 अक्टूबर खपरीखुर्द, कुम्हारी (जारा), मोतिमपुरकला, पड़ाभाट। इस दौरे के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जनसमस्याओं के निराकरण तथा ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। इस पहल से प्रशासन और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, विकास कार्यों को गति देने तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जायेगा

जिला प्रशासन के अधिकारी और जनप्रतिनिधि रहेंगे साथ

इस ग्राम स्तरीय दौरे में अतिथि के रूप में मंत्रीगण, विधायकगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति भी रहेगी। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित कर पेयजल, सड़क, बिजली, आवास, पेंशन, राशन, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि सहित विभिन्न जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाएगी। संबंधित विभागों के अधिकारियों से अपेक्षा की जाएगी कि वे ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन कुमार अग्रवाल ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब उनका लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे। इसी उद्देश्य से ग्राम स्तर पर जनसंपर्क कर योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने, पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने तथा समस्याओं का त्वरित निराकरण कराने का प्रयास किया जायेगा वही नवीन अग्रवाल ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान जन चौपाल के दौरान अपनी समस्याओ को लेकर ग्रामीणों को जन चौपाल आने की अपील की।

हर व्यक्ति को सम्मान और न्याय का अधिकार

मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलौदाबाजार द्वारा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे व्यक्तियों एवं बौद्धिक अक्षमता वाले लोगों के विधिक अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जिले के विभिन्न गांवों में विशेष विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों का उद्देश्य जरूरतमंदों को निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी देना तथा उनके प्रति समाज में संवेदनशीलता, समानता और सम्मान की भावना विकसित करना रहा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष विनीत वार्नर और प्राधिकरण के सचिव आलोक पांडेय के मार्गदर्शन में आयोजित इन शिविरों में नालसा (राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण) की मानसिक रूप से बीमार एवं बौद्धिक अक्षमता वाले व्यक्तियों को विधिक सेवाएं प्रदान करने संबंधी योजना की जानकारी दी गई। ग्रामीणों को बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं या बौद्धिक अक्षमता के कारण किसी भी व्यक्ति को उसके अधिकारों, अवसरों और न्याय तक पहुंच से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।



निःशुल्क विधिक सहायता की दी जानकारी

शिविरों में पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता, विधिक परामर्श और न्याय प्राप्त करने के उपलब्ध माध्यमों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही परिवारजनों और समुदाय के सदस्यों को ऐसे व्यक्तियों के प्रति सहयोगपूर्ण एवं सकारात्मक व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें समझाया गया कि उपेक्षा, भेदभाव और सामाजिक अलगाव के बजाय संवेदनशीलता तथा सहयोग का वातावरण बनाना आवश्यक है, ताकि प्रभावित व्यक्ति भी सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें।

भेदभाव नहीं, समानता और सम्मान पर जोर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की इस पहल का उद्देश्य विधिक जागरूकता को गांव-गांव तक पहुंचाना और जरूरतमंद व्यक्तियों को सहायता के उपलब्ध माध्यमों से जोड़ना है। इसके माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने तथा समाज में समानता और मानवीय गरिमा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का संदेश दिया गया। प्राधिकरण की इस पहल से यह संदेश दिया गया कि प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने, अपनी बात रखने और कानून के संरक्षण का लाभ प्राप्त करने का अधिकार है। जानकारी के अभाव में कोई भी व्यक्ति अपने अधिकारों और न्याय से वंचित न रहे, इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक जागरूकता का विस्तार महत्वपूर्ण है।

खबर संक्षेप

जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर में जागरुकता व्याख्यान

महासमुंद। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर खैरा स्थित जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. सर्वेश दुबे ने प्रशिक्षणार्थियों एवं कर्मचारियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, मानसिक रोगों के सामान्य लक्षण, बचाव एवं उपचार के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डॉ. दुबे ने अवसाद, चिंता, तनाव, अनिद्रा एवं अन्य मानसिक विकारों पर चर्चा करते हुए कहा कि मानसिक रोगों को कमजोरी या सामाजिक कलंक के रूप में नहीं देखना चाहिए। समय पर पहचान, उचित परामर्श एवं उपचार से प्रभावित व्यक्ति को बेहतर सहायता प्रदान की जा सकती है।

305 पंचायत टीबी मुक्त के लिए जनप्रतिनिधियों को किया गया सम्मानित

महासमुंद। टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा द्वारा वर्चुअल माध्यम से गुरुवार को टीबी मुक्त भारत (जेओएसएच टीम) शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला मुख्यालय महासमुंद स्थित शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में उक्त कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य जुगनू चंद्राकर, नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी जांगड़े एवं निधि चंद्राकर, पूर्व राज्य युवा आयोग सदस्य प्रशांत श्रीवास्तव, अमन वर्मा, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ अनुपमा आनंद, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके कुशवाहा, डॉ.विकास चंद्राकर, नीलू धृतलहरे, एनएचएम राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

28 राज्यों और 8 केंद्रशासित प्रदेशों का सफर तय कर लौटे सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ संडी बंगला

मां की चिंता और पिता के आशीर्वाद के बीच 28 वर्षीय सौरभ देवांगन ने पैदल भारत भ्रमण का अपना संकल्प पूरा कर लिया। करीब 20 हजार किलोमीटर की यात्रा कर 28 राज्यों और आठ केंद्रशासित प्रदेशों का भ्रमण करने के बाद वे बुधवार को रायपुर लौटे। सौरभ ने 7 अक्टूबर 2021 को वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर से यात्रा शुरू की थी और 7 अक्टूबर 2026 को इसी मंदिर में पहुंचकर यात्रा को विराम दिया। सौरभ बताते हैं कि यात्रा शुरू करने के समय कई लोगों ने उनकी मां मालती और पिता लुकेश देवांग से चिंता जताई थी कि जवान बेटा इतनी लंबी यात्रा पैदल कैसे पूरी कर पाएगा। रास्ते में कोई अनहोनी या दुर्घटना हो गई तो क्या होगा। लेकिन माता-पिता के आशीर्वाद और सहयोग ने उन्हें हौसला दिया और उन्होंने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया।शुरुआत में दोस्तों का समूह साथ चला, लेकिन कुछ समय बाद सभी वापस लौट गए। सौरभ ने बताया कि 15 राज्यों की यात्रा पूरी करने के बाद उन्हें भी डर लगने लगा था। वे निराश होकर गांव लौटने के बारे में सोचने लगे थे। फिर उन्होंने हिम्मत जुटाई और तय किया कि जब 15 राज्यों की यात्रा कर ही ली है, तो बाकी राज्यों को भी देखा जाए। इसके बाद उन्होंने अकेले ही यात्रा जारी रखी और आखिरकार भारत भ्रमण पूरा कर लिया।

श्रीराम मंदिर से 7 अक्टूबर 2021 को शुरू किया था सफर

दोस्तों के साथ बनाई थी योजना फिर अकेले बढ़े आगे

वर्ष 2021 में पढ़ाई पूरी करने के बाद सौरभ करियर पर ध्यान देने की तैयारी कर रहे थे। कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन के कारण उन्हें कुछ महीने घर पर रहना पड़ा। स्थिति सामान्य होने पर उन्होंने खैरागढ़ विश्वविद्यालय से पढ़ाई पूरी कर चुके कुछ दोस्तों के साथ भारत भ्रमण की योजना बनाई। उद्देश्य देश को करीब से देखना और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण करना था।



मां के हाथ का खाना खाएंगे, गांव में चलाएंगे सफाई अभियान

छह साल तक घर-परिवार से दूर रहने के बाद सौरभ अब दो महीने मां के साथ बिताएंगे। इस दौरान वे मां के हाथ का बना चीला, बरा, फरा और अंगाकर रोटी खाना चाहते हैं। इसके बाद अपने गांव जारा संडी, जिला बलौदाबाजार में सफाई अभियान और पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करेंगे तथा युवाओं को भी इससे जोड़ेंगे। सौरभ ने खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय से थिएटर की पढ़ाई की है। भविष्य में वे थिएटर के क्षेत्र में काम करना चाहते हैं। इसके अलावा कुछ महीने बाद साइकिल से पूरे छत्तीसगढ़ की यात्रा करने की भी योजना है।

फैसला : शासन को एक माह का अल्टीमेटम, मांगें पूरी नहीं हुईं तो प्रदेशव्यापी आंदोलन

प्रदेश सरपंच महासंघ के सम्मेलन में बनीं पांच सूत्रीय मांगों पर सर्वसम्मति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल





छत्तीसगढ़ प्रदेश सरपंच महासंघ के तत्वावधान में प्रदेश अध्यक्ष कपिल देव नायक के नेतृत्व में श्री सत्य साईं ऑडिटोरियम, नया रायपुर में प्रदेश स्तरीय सरपंच सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों, विकासखंडों और ग्राम पंचायतों से पहुंचे सरपंचों एवं पदाधिकारियों ने पंचायतों की समस्याओं, ग्रामीण विकास और सरपंचों के अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। सम्मेलन में महासंघ ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों के निराकरण के लिए शासन को एक माह का समय देने का निर्णय लिया। निर्धारित अवधि में मांगें पूरी नहीं होने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू करने की चेतावनी भी दी गई। सम्मेलन में मनरेगा के तहत मजदूरी एवं सामग्री भुगतान, ग्राम पंचायतों के बिजली बिल, आवास प्लस 2.0 में पात्र हितग्राहियों के नाम जोड़ने तथा वृद्धावस्था एवं निराश्रित पेंशन से जुड़े मामलों पर प्रमुखता से चर्चा हुई। उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि ग्राम पंचायतें ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं, लेकिन विभिन्न वित्तीय एवं प्रशासनिक समस्याओं के कारण पंचायतों के कार्यों और ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिलाने में कठिनाइयां आती हैं।

महासंघ ने निर्णय लिया कि पांच सूत्रीय मांगों को शासन के समक्ष रखकर उनके निराकरण के लिए एक माह की समय-सीमा दी जाएगी। यदि इस अवधि में सकारात्मक पहल नहीं होती है, तो प्रदेशभर के सरपंचों को एकजुट कर आंदोलन किया जाएगा। महासंघ ने स्पष्ट किया कि पंचायतों की समस्याओं का समाधान और सरपंचों के अधिकारों की रक्षा संगठन की प्राथमिकता है।

मनरेगा भुगतान से लेकर बिजली बिल तक प्रमुख मांगें

महासंघ की प्रमुख मांगों में मनरेगा के अंतर्गत श्रमिकों की मजदूरी एवं सामग्री के भुगतान की प्रक्रिया सरल करना तथा निर्धारित 60:40 अनुपात के अनुसार भुगतान सुनिश्चित करना शामिल है। इसके अलावा ग्राम पंचायतों के बिजली बिल की मूलभूत राशि से कटौती बंद करने, पात्र हितग्राहियों के नाम आवास प्लस 2.0 सूची में पुनः शामिल करने तथा वृद्धावस्था एवं निराश्रित पेंशन के प्रकरणों में ग्रामसभा की भूमिका प्रभावी बनाने की मांग उठाई गई। सम्मेलन में इस बात पर भी जोर दिया गया कि ग्राम पंचायतों को अधिक अधिकार एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वे स्थानीय जरूरतों के अनुसार विकास कार्यों को गति दे सकें। साथ ही जरूरतमंद ग्रामीण परिवारों तक शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और पंचायतों की भूमिका को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की गई।सम्मेलन में डिजिटल माध्यमों के उपयोग, कौशल विकास कार्यक्रमों, महिला सशक्तीकरण तथा युवा सशक्तीकरण से संबंधित योजनाओं की जानकारी ग्राम स्तर तक पहुंचाने पर भी जोर दिया गया। महासंघ ने सरपंचों से ग्रामीण विकास की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने का आह्वान किया।

विधायक प्रमोद शर्मा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

ग्राम मोहरा के गौठान चौक में जेटीवाय कंडक्शन के संचालक जवाहरलाल वर्मा जिला मंत्री किसान मोर्चा के नेतृत्व में पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता भाजपा प्रमोद कुमार शर्मा के जन्मोत्सव के अवसर पर उनका जोशीला स्वागत किया गया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों में उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान जन्मदिन की खुशियां साझा करते हुए केक काटा गया और उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ प्रमोद कुमार शर्मा को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। पीछे लगे जन्मदिन के बैनर के बीच अतिथियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक इस अवसर को यादगार बनाया।इस अवसर पर जवाहरलाल वर्मा ने श्री जगन्नाथ प्रभु की प्रतिमा स्मृति चिह्न के रूप में भेंट कर प्रमोद कुमार शर्मा का सम्मान किया।

उन्होंने उनके सुखमय जीवन, उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भी उनका अभिनंदन करते हुए जन्मोत्सव की बधाई दी।जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में आपसी मेल-मिलाप और उत्साह का माहौल रहा। ग्रामीणों ने अतिथि का आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय लोगों ने अपने स्नेह और सम्मान का परिचय दिया।

कृषि सहकारी समिति पिसीद का वार्षिक साधारण सम्मेलन

पिसीद समिति के सम्मेलन में सहकारिता और किसानों के विकास पर विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल



कसडोल क्षेत्र अंतर्गत कृषि साख सहकारी समिति पिसीद पंजीयन क्रमांक 1314 में वार्षिक साधारण वार्षिक वर्ष 2026 का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सहकारिता क्षेत्र से जुड़े पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, भाजपा नेताओं, किसानों एवं समिति के कर्मचारियों ने सहभागिता की। सम्मेलन के दौरान कृषक संगोष्ठी एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिनेष (बॉबी) कश्यप, उपाध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर (छत्तीसगढ़) रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण कुमार पटेल, प्राधिकृत अधिकारी एवं जिला संयोजक, सहकारिता प्रकोष्ठ ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में योगेश चंद्राकार पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्या रायपुर, डॉ. सुदीप मानिकपुरी उपाध्यक्ष नगर पंचायत कसडोल एवं अध्यक्ष भाजपा मंडल कसडोल, राजकुमार जायसवाल पूर्व जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, संतोष वैष्णव सांसद प्रतिनिधि, शीला वर्मा, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा एवं एल्डरमेन नगर पंचायत कसडोल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

वार्षिक आमसभा के दौरान समिति के वर्ष 2025-26 के वार्षिक प्रतिवेदन का पठन एवं अनुमोदन, वित्तीय पत्रक तथा अंकेक्षण टीप का अवलोकन एवं अनुमोदन सहित समिति के शुद्ध लाभ के विभाजन पर चर्चा की गई। वहीं संचालक मंडल द्वारा स्वीकृत आय-व्यय का अनुमोदन तथा जिला सहकारी बैंक शाखा कसडोल से विभिन्न प्रयोजनों के लिए ऋण प्राप्त करने के संबंध में अधिकृत करने के विषय पर भी विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित अतिथिगण ने समिति के विकास, कृषकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा सहकारी व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में संतोष कश्यप प्राधिकृत अधिकारी एवं सरपंच सर्वा, रामचंद ध्रुव जिला अध्यक्ष अनु जन जाति मोर्चा, दरस राम वर्मा प्रदेश अध्यक्ष कनौजिया कुर्मी समाज, संतोष श्रीवास प्राधिकृत अधिकारी कोसमसरा, देवनारायण जायसवाल प्राधिकृत अधिकारी सेल, रामभरोस साहू वरिष्ठ भाजपा नेता, कार्तिक बंजारे सरपंच ग्राम पंचायत पिसीद तथा चोटी राम कैवर्त्य मंडल कोषाध्यक्ष कटगी भी शामिल हुए। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ किसान मोहन वर्मा, सेवानिवृत्त ब्रांच मैनेजर बेदराम वर्मा, सहकारी समिति पिसीद के पूर्व सदस्य राधेलाल वर्मा, सोहनलाल पटेल, मधुसूदन पटेल एवं कैलाश साहू सहित अन्य वरिष्ठजनों और कृषक बंधुओं की उपस्थिति रही।



खबर संक्षेप

दुकान से नगदी समेत साढ़े 17 हजार की चोरी

महासमुंद। ग्राम नौगड़ी के एक दुकान से नगदी रकम समेत साढ़े 17 हजार की चोरी के मामले में बसना थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी कुंजबिहारी पटेल पिता द्रोण कुमार पटेल (27 साल) की ग्राम नौगड़ी में भैंसाखुरी रोड में कंप्यूटर व किराना दुकान है। 09 अक्टूबर के रात्रि में करीबन 07 बजे वह अपने दुकान के गल्ले में नगद रकम 12,500 रुपए, एक नग रियलमी कंपनी का मोबाइल कीमत 5000 रुपए को रख कर दुकान में ताला लगाकर अपने घर चला गया। 10 अक्टूबर की सुबह दुकान खोलने पर देखा कि रोशन दान टूटा हुआ था। रोशन दान से घुस कर दुकान के गल्ले में रखे नकदी रकम 12,500 रुपए एवं मोबाइल कीमत 5000 रुपए कुल कीमत 17,500 रुपए को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर धारा 305ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है

बेमचा खल्लारी ज्योति प्रज्ज्वलित

महासमुंद। ग्राम बेमचा में क्वार नवरात्र महोस्तव मूल खल्लारी सिद्ध शक्ति पीठ माँ खल्लारी मंदिर में ज्योत प्रज्वलन हुआ। यहां कुल ज्योत 427 है। इस मौके पर सभी श्रद्धालुगण उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

सेक्टर स्तरीय हैंडबॉल महिला-पुरुष प्रतियोगिता दोनों वर्गों में पीजी कॉलेज बना विजेता

महासमुंद। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.रीता पांडेय के मार्गदर्शन एवं दिलीप लहरे क्रीड़ा अधिकारी के नेतृत्व में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की हैंडबॉल टीम ने 8 अक्टूबर को सेक्टर स्तरीय हैंडबॉल (महिला /पुरुष) प्रतियोगिता बागबाहरा में भाग लिया। पीजी कॉलेज के दोनों ही महिला एवं पुरुष टीम ने फाइनल मैच आयोजक महाविद्यालय बागबाहरा के साथ खेला और बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दोनों वर्गों में महासमुंद विजयी रहा। पुरुष टीम में दिलेश, हनी, अक्षत, वासुदेव, अजय, राजीव, विकास, पूनम साहू, हुमेश, वेदप्रकाश, तुषार, मोहित, महिला टीम में सीमा, अनामिका, पूजा, चारु, रामेश्वरी, ममता, लल्ली, किरण शामिल रहे। खिलाड़ियों की इस सफलता पर महाविद्यालय प्राचार्य एवं कोच कपिल पेंडरिया सहित महाविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने हर्ष जताया है।

अयोध्या नगर में 16 को कवि सम्मेलन, नामचीन कवि बिखेरेंगे काव्य रस

महासमुंद। नगर के वार्ड क्रमांक 03 अयोध्या नगर में मां महामाया दुर्गा पूजा उत्सव समिति द्वारा गुरुवार, 16 अक्टूबर को भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। शाम 7 बजे से आयोजित इस साहित्यिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी भाषा, साहित्य और संस्कृति के साथ हास्य, व्यंग्य, गीत एवं श्रृंगार की मनमोहक प्रस्तुतियां देखने और सुनने को मिलेंगी।कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ और देश के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े जाने-माने कवि एवं कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मनोरंजन करेंगे। आयोजन में छत्तीसगढ़ी गीतकार मीर अली मीर (रायपुर), छत्तीसगढ़ी हास्य कलाकार एवं संयोजक सुरेंद्र अग्निहोत्री 'आगी' (महासमुंद), मंच संचालक संजय कबीर शर्मा (रायपुर), ईश्वर साहू 'आजाद' (तेलका, बेमेतरा) तथा श्रृंगार रस की कवयित्री शशि तिवारी 'महुआ' (दुर्ग) अपनी काव्य प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे। मां महामाया दुर्गा पूजा उत्सव समिति ने समस्त वार्डवासियों, साहित्य प्रेमियों एवं नगरवासियों से कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होने की अपील की है।

सम्मान के लिए रामशरण का नाम भेजा

महासमुंद। ग्राम बेमचा निवासी साहित्यकार व समाजसेवक डा रामशरण चंद्राकर का नाम समाज कल्याण विभाग की ओर से भामाशाह सम्मान के लिए भेजा गया है। इस पर साहित्यकारों में हर्ष का माहौल है।

विधि-विधान से स्थापित हुई मां दुर्गा की प्रतिमा







मुंडा। शारदीय नवरात्रि रविवार 11 तारीख से शुभारंभ हुआ नवरात्रि के शुरुआत होते ही लोग अपने-अपने तरीका से मां दुर्गा की माता सेवा में भक्ति भाव में डूब गए। अंचल में मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित किया गया। इसी प्रकार मुंडा में माता रानी के दरबार को पंडाल से आकर्षण रूप से सजाया गया। उपरोहित विजय पांडे के द्वारा मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर ज्योति कलश प्रज्वलित कर स्थापित किया गया। वहीं मुंडा की बस्ती ग्राम पंचायत भवन के पास और आदर्श चौक पुलिया पारा सड़क पार व सामाजिक भवन बाजार चौक और यशवंत साहू के यहां भव्य कलश यात्रा माता रानी के दरबार से निकलकर बाजार चौक होते हुए बस्ती महामाया मंदिर पहुंचकर महामाया देवी की पूजा अर्चना करते हुए पुनः वापस माता रानी के दरबार में पहुंचकर माता रानी की पूजा अर्चना करते हुए माता रानी की मूर्ति स्थापित किया गया जिसमें शामिल कार्तिक राम लीलावती साहू, कमलाबाई साहू, यशवंत राजेशवरी साहू, योगेश्वरी, शशि, मोहन साहू, आशा साहू, अनारकली साहू, सावित्री साहू, वेद प्रकाश साहू, चंद्र किशोर साहू, हुलास, पीतांबर, संतोष, नरेंद्र, माखन फेकर, मोनू, परमेश्वर डॉक्टर सहित ग्रामवासी भक्तजन सम्मिलित रहे।

विधिक सेवा प्राधिकरण ने ग्राम मटिया में चलाया विशेष जन-जागरूकता महाभियान

न्याय अब केवल अदालतों तक सीमित नहीं, संवाद से सुलझेंगे विवाद : विनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में शनिवार ग्राम मटिया में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलौदाबाजार द्वारा महाभियान के अंतर्गत विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनीत वार्नर एवं सचिव आलोक पांडेय के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य न्याय केवल न्यायालयों तक सीमित न रहे, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक सरल, सुलभ और सहज रूप में पहुंचे तथा छोटे-मोटे विवादों का समाधान आपसी बातचीत, समझदारी और सहमति से हो सके।

इस अवसर पर ग्राम में जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को सामुदायिक मध्यस्थता के महत्व, उपयोगिता एवं लाभों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही घर-घर पहुंचकर लोगों को इस पहल से जुड़ने और इसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि कई बार छोटी-छोटी गलतफहमियां, पारिवारिक मतभेद, पड़ोसियों के बीच विवाद, भूमि की सीमाओं से जुड़े कुछ मामले तथा लेन-देन संबंधी असहमतियां समय के साथ गंभीर रूप ले लेती हैं।

ऐसे में आपसी संवाद, धैर्य और समझदारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। सामुदायिक मध्यस्थता विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने का एक प्रभावी माध्यम है, जिसमें निष्पक्ष मध्यस्थ संबंधित पक्षों के बीच संवाद स्थापित करने में सहायता करता है, ताकि वे स्वेच्छा से स्वीकार्य समाधान तक पहुंच सकें। ग्रामीणों को यह भी समझाया गया कि मध्यस्थता का उद्देश्य किसी एक पक्ष की जीत या दूसरे की हार सुनिश्चित करना नहीं, बल्कि ऐसा समाधान तलाशना है, जिसमें दोनों पक्षों के हितों और आपसी सम्मान का ध्यान रखा जा सके। इससे न केवल अनावश्यक कटुता कम करने में मदद मिल सकती है, बल्कि परिवार, पड़ोस और समुदाय के बीच संबंधों को भी बेहतर बनाए रखने का अवसर मिलता है।

मध्यस्थता का लक्ष्य, न किसी की जीत, न किसी की हार

अभियान में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि सामुदायिक मध्यस्थता से उपयुक्त विवादों का समाधान कम खर्चीले, सरल और सौहार्दपूर्ण तरीके से तलाशने में सहायता मिल सकती है। इससे समय की बचत हो सकती है तथा विवादों के कारण उत्पन्न मानसिक तनाव और सामाजिक दूरी को कम करने में भी मदद मिल सकती है। हालांकि, मध्यस्थता प्रत्येक प्रकार के विवाद के लिए उपयुक्त नहीं होती; गंभीर आपराधिक मामलों तथा कानूनन मध्यस्थता से बाहर रखे गए मामलों में संबंधित कानूनी प्रक्रिया का पालन आवश्यक है। ज्ञातव्य है कि उच्चतम न्यायालय के तत्वावधान में संचालित सामुदायिक मध्यस्थता पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के जिला बलौदाबाजार भाटापारा का चयन किया गया है। इस परियोजना के तहत जिले के चयनित 5 ग्रामों को सामुदायिक मध्यस्थता के माध्यम से विवादमुक्त ग्राम बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में पेंशन और सेवा गणना की विसंगतियों पर विस्तृत चर्चा



हरिभूमि न्यूज : बलौदाबाजार

बलौदाबाजार पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक 10 अक्टूबर को बैठक हुई। बैठक में इस बात पर विस्तृत चर्चा हुई की पी डब्लू डी, जल संसाधन व छत्तीसगढ़ राज्य परिवहन निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन के रूप मे सम्मान जनक राशि नहीं मिल रही है। कारण यह बताया गया की वे दैनिक वेतन भोगी से या संविलियन से नियमित हुए हैं और नियमित तथा संविलियन होने की तिथि से सेवा की गणना की गई है जो पूर्ण पेंशन की पात्रता अवधि से कम है। इसी तरह कई सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आज तक पेंशन नहीं मिली है जिसका कारण शासन से न जांच न मांग न घटना प्रमाण पत्र न आना है जिसके लिए शासन उत्तरदायी है।

ऐसे अनेको प्रकरणों के निराकरण के लिए छ ग शासन पेंशन व जी पी एफ के संचालक ने 15 अक्टूबर को संचालनालय मे विभिन्न पेंशनर संगठनों के प्रान्तध्यक्ष को निराकरण के लिए आमंत्रित किया है। बैठक में वार्षिक सम्मेलन जनवरी 2027 के प्रथम सप्ताह मे मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की पूजा अर्चना मातृ शक्तियों द्वारा व हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्राचार्य बलविंदर सिंह ने की सेवानिवृत्त प्राचार्य एसपी पाण्डेय ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष एस एम पाध्ये, तहसील अध्यक्ष एसडी पड़वार, जय नारायण केशरवानी, राजकमल मिश्रा हेमंत श्रीवास्तव, अशोक बाजपेई, शरद शुक्ला, डॉ. सुनीता त्यागी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में असुरक्षा का साया सुरक्षा गार्ड न होने से रहवासी सहमे



अर्जुनी। बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम अर्जुनी में स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। और यहां के रहवासी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। यहां के प्रवेश द्वार पर सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं है। जिससे असामाजिक तत्व इसी का फायदा उठाते हुए रात्रि में प्रवेश कर जाते हैं। इससे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी वासियो में भय का माहौल बना रहता है। कई बार चोरी की घटनाएं भी घटित हो चुकी है। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नाम का रह गया है। यहां सुविधाओं को लेकर शिकायतों का दौर चलता आ रहा है। रह वासियों का कहना है कि बाउंड्री वॉल की ऊंचाई कम होने की वजह से आ सामाजिक तत्व प्रवेश कर जाते हैं। वही कॉलोनी के पीछे हिस्से में शराब दुकान स्थित है। जिससे सामाजिक तत्व शराब खोरी करने के लिए यहां आना-जाना लगा रहता है। आरएन तिवारी अध्यक्ष प्रयास जन विकास समिति छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अर्जुनी का कहना है कि यहां सपनों का घर सुविधा रहेगी यह देखकर यहां लिए थे। किंतु यहां असुविधा महसूस हो रही है। और चोरी डकैती होने के चलते भय का माहौल व्याप्त रहता है। अब सवाल यह उठता है कि जिस स्थान पर सुरक्षित रहने के लिए हम लोग मकान लिए हैं वहीं अगर असुरक्षित हो जाए तो हम जाए तो जाए कहां। इस पर कॉलोनीवासियों ने संबंधित छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल से मांग की है कि शीघ्र ही सिक्योरिटी गार्ड की व्यवस्था एवं बाउंड्री वॉल की ऊंचाई को ऊपर किया जाए ताकि असुविधा जैसे हालात न बना रहे।

सेवा सेतु केन्द्र से तत्काल मिला प्रणाम पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



तहसील कार्यालय कसडोल स्थित सेवा सेतु केन्द्र आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान करने में अत्यंत मददगार साबित हो रहा है। कसडोल तहसील के ग्राम-बिलारी निवासी गुरबारू सोनवानी ने सेवा सेतु केन्द्र की त्वरित एवं सुगम कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव किया। आवेदक गुरबारू सोनवानी ने सेवा सेतु केन्द्र में 'अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र बनवाए जाने के लिए आवेदन जमा किया था। केंद्र की पारदर्शी और त्वरित सेवा प्रणाली के चलते बहुत ही कम समय में उनका प्रमाण पत्र बनकर तैयार हो गया। प्रमाण पत्र समय पर प्राप्त होने के कारण उनके पुत्र राहुल सोनवानी को योजना के तहत 'केन्द्र परिवर्तित अनुसूचित जाति प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति' का लाभ तत्काल मिल सका। त्वरित सेवा और प्रमाण पत्र मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आवेदक गुरबारू सोनवानी ने तहसील प्रशासन कसडोल एवं सेवा सेतु केन्द्र की इस कार्यशैली की सराहना की और आभार व्यक्त किया। प्रशासन की इस पहल से ग्रामीण अंचल के लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ उठाने में आसानी हो रही है।

स्कूल में विद्यार्थियों को बांटे गए मुफ्त स्कूल बैग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

सामाजिक सरोकार व सामाजिक दायित्व के तहत शिक्षा के क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए कमला कांत शुक्ला इंस्टीट्यूट, देवरी रोड, भाटापारा द्वारा ग्राम कड़ार में शासकीय प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों को निःशुल्क स्कूल बैग वितरित किए गए। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना चौहान के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। संस्था के संचालक मनीष शुक्ला एवं सचिव अंजलि शुक्ला द्वारा विद्यार्थियों को अपने हाथों से बैग प्रदान किये। इस अवसर पर संचालक ने कहा कि ग्रामीण अंचल के बच्चों को शिक्षा से जोड़ना और उन्हें आवश्यक शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराना हम सभी को सेवा भाव से सामाजिक कार्य करना चाहिए ।

इस कार्यक्रम में जनपद सदस्य ठाकुर राम साहू, सरपंच हीरामणी कीर्ति कुमार ध्रुव, पूर्व जनपद सदस्य भरत लाल वर्मा, ग्रामीणजन राजू वर्मा, रामचरण साहू शासकीय पूर्व माध्यमिक व शासकीय प्राथमिक शाला प्रधानपाठक लोकराम ध्रुव शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षक राम प्रसाद निषाद गीता ध्रुव, रेखाटंडन, मंजू बंजारे, शालिनी तिवारी, चंद्र कुमार साहू एवं ललित कुमार पात्रे तथा विघालय के समस्त शिक्षक और कर्मचारीयों की गरिमामयी उपस्थिती रही एवं महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी भावना हेंवार सहायक प्राध्यापक राष्ट्रीय सेवा योजना सदस्य नेहा सिंह एवं सहायक प्राध्यापक राष्ट्रीय सेवा योजना सदस्य अजय कुमार बंजारे विशेष रूप से सहयोग के लिए उपस्थित रहे। बैक प्राप्त कर प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों में विशेष उत्साह एवं खुशी देखने को मिली विद्यालय के प्रधान पाठक ने इस सेवा कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापन कर आभार व्यक्त किया।

साइबर अपराध और पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना पर दी गई जानकारी

विधिक जागरूकता में नागरिकों को बताए कानूनी अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा



आम नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देने और जरूरतमंदों तक न्याय की पहुंच आसान बनाने के उद्देश्य से ग्राम भिलौनी स्थित वर्मा कुर्मी क्षत्रिय समाज भवन में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में लोगों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों और निःशुल्क विधिक सहायता की सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में अधिकार मित्र नव्या साहू ने समाज के सदस्यों एवं उपस्थित नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव, श्रमिकों के अधिकार, शिक्षा का महत्व, बच्चों के अधिकार और बाल विवाह की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया। उन्होंने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण के अधिकार तथा जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता और अधिवक्ता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी समझाई।

अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील

शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक कानूनी जानकारी पहुंचाना, नागरिकों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना और जरूरतमंद लोगों को न्याय दिलाने में सहायता प्रदान करना रहा। इस अवसर पर अधिकार मित्र नव्या साहू ने नागरिकों से कानून का पालन करने, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा कानूनी समस्या आने पर विधिक सहायता लेने के लिए आगे आने की अपील की।

पीड़ितों को क्षतिपूर्ति योजना की दी जानकारी

शिविर में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को सचेत करते हुए बताया गया कि अपराध अथवा दुर्घटना से प्रभावित पात्र व्यक्तियों को नियमानुसार क्षतिपूर्ति प्राप्त करने का अधिकार है। इसके लिए पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। नव्या साहू ने बताया कि किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या होने पर नागरिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की हेल्पलाइन 15100 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

